# कांग्रेस की विशाल न्याय यात्रा

## भागीरथपुरा पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग, निकाला पैदल मार्च

▸ हजारों की संख्या में जनता और कार्यकर्ता शामिल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने न्याय यात्रा और पैदल मार्च निकाला. उक्त यात्रा बड़ा गणपति चौराहे से शुरू होकर राजबाड़ा तक निकाली गई. मौन यात्रा में नेता और कार्यकर्ता सरकार से भागीरथपुरा के पीड़ितों को न्याय की मांग करते तख्तियां लेकर चल रहे थे.**



भागीरथपुरा में जहरीले पानी की आपूर्ति से अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है. उक्त मुद्दे को लेकर आज दोपहर में कांग्रेस ने अपने झंडे की बजाय देश के झंडे साथ न्याय यात्रा निकाली. यात्रा में शहर के 85 वार्डो से कार्यकर्ता रैली के रूप में बड़ा गणपति चौराहे पर एकत्र हुए. इसके बाद यात्रा का पैदल मार्च शुरू हुआ और सरकार से पीड़ित नागरिकों के लिए न्याय की मांग करते नेताओं और कार्यकर्ता का हुजूम राजबाड़ा की ओर बढ़ा. कांग्रेस की न्याय यात्रा पूरी तरह मौन यात्रा के रूप में आयोजित की गई. यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार के स्वागत मंच या द्वार नहीं लगाए गए थे. कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर भागीरथपुरा की घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे थे. यात्रा के राजवाड़ा पहुंचने पर वरिष्ठ नेताओं ने सभा को संबोधित किया. यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह , मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विजयलक्ष्मी साधों, अजयसिंह, कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अविनाश भार्गव, संगठन प्रभारी उषा नायडू, सत्यनारायण पटेल, रघु परमार, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, प्रमोद द्विवेदी, संतोष सिंह गौतम, अमित चौरसिया, विनय बाकलीवाल, दीपू यादव, गिरधर नागर, पार्षद सीमा सोलंकी, अनवर दस्तक, अंसाफ अंसारी, रफीक खान, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से भाग लिया.

### जहरीली शराब से मौत सुनी, लेकिन जहरीले पानी से मौतें : पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर की जनता को इस बात पर गर्व था कि उसने शहर को साफ-सुथरा बनाया, लेकिन नगर निगम स्वच्छ पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पाया. उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से इंदौर में भाजपा की परिषद है. जनता ने भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन दिया, लेकिन बदले में जनता को क्या मिला? इंदौर से कांग्रेस का एक भी जनप्रतिनिधि विधानसभा में नहीं पहुंचा, जनता ने मुझे भी हराया, फिर भी मैं विपक्ष की जिम्मेदारी निभा रहा हूं.

### भाजपाई भोजन भंडारे में लगे : दिग्विजय सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि एक ओर परिवारों में शोक का माहौल है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के लोग भोजन भंडारे कर रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष में संवेदनशीलता नहीं बची है।

### भाजपा साफ पानी और शुद्ध हवा नहीं दे सकी : चौधरी

मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि एक इंसान को अच्छी हवा और साफ पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन भाजपा सरकार इन बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में विफल रही है।आज प्रदेश प्रदूषण के मामले में देश दूसरे नंबर पर है।

### जनता टैक्स दे रही और बदले में भाजपा जहरीला पानी : सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता पानी का टैक्स देती है, इसके बावजूद साफ पानी के बजाय जहरीला पानी दिया जा रहा है।उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक एक भी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया। मैंने वॉटर ऑडिट किया है, शहर का कोई भी इलाका दूषित और मल वाले पानी से अछूता नहीं है।भाजपा जनता को मल वाला पानी दे रही है।

# 200 तीर्थ यात्री द्वारिका-सोमनाथ रवाना, 7 दिवसीय यात्रा शुरू

**श्योपुर, 11 जनवरी. जिले से आज रविवार दोपहर 200 तीर्थ यात्री मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गुजरात स्थित द्वारिका और सोमनाथ के लिए सात दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए.**

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत यात्रियों को श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया. इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों का माल्यार्पण और तिलक कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति तथा तीर्थ यात्रियों के परिजन उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत ये यात्री आज 11 जनवरी से 17 जनवरी तक द्वारिका एवं सोमनाथ की यात्रा पर रहेंगे. सभी यात्री आज रात शिवपुरी रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन द्वारा अपनी यात्रा शुरू करेंगे और यात्रा पूर्ण होने पर वहीं वापस उतरेंगे. इसके बाद, जिला प्रशासन द्वारा बसों के माध्यम से इन यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा.

## ग्वालियर में कर्मचारी को एक के बाद एक दो वाहनों ने रौंदा, हुई मौत

**ग्वालियर.** ग्वालियर-मुरैना हाइवे पर नगर पालिका कर्मचारी को दो अलग-अलग वाहनों ने टक्कर मार दी, कर्मचारी की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई. मृतक चाय पीने जा रहा था. पहले एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर लगने के बाद वह हाईवे पर गिरा और लड़खड़ाते हुए उठा ही था कि एक तेज रफ्तार उसे रौंदते हुए निकल गई. हादसे के समय मृतक का भतीजा पास ही खड़ा था. तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर वह उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया. टक्कर मारने वाले वाहनों की तलाश शुरू कर दी गई है.

# जनपद पंचायत सिरमौर की सामान्य सभा में हंगामा, सदस्यो ने किया बहिष्कार

**सिरमौर 11 जनवरी, जनपद पंचायत सिरमौर में सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की संयुक्त बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। जनपद अध्यक्ष रवीना साकेत द्वारा सीईओ से आय व्यय का ब्यौरा बताए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चंद्र द्विवेदी ने अपना आपा खो दिया ।**



सीईओ द्वारा जप अध्यक्ष को न केवल जाति सूचक शब्दो से अपमानित किया बल्कि नियमो की खुलेआम धज्जियां भी उड़ाई ।बैठक में अपमान के बाद अध्यक्ष ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। अध्यक्ष के बाहर निकलते ही सभी पक्ष एवम विपक्ष के सभी जनपद सदस्यो ने बैठक से बहिगर्मन कर गए। बैठक के लिए निर्धारित एजेण्डे पर कोई चर्चा नहीं हो सकी .

**कलेक्टर से सीईओ के विरुद्ध शिकायत, जांच लंबित-** जनपद पंचायत सिरमौर अध्यक्ष रवीना साकेत द्वारा जिला कलेक्टर रीवा को दिनांक 31/12/2025 को अपनी कार्यालयीन पत्र क्रमांक SLABI301 भेजकर आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत सिरमौर में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीशचन्द्र द्विवेदी विगत वर्षों से कार्यरत है। इनका कार्य व्यवहार ठीक नहीं हैं इनके द्वारा मुझे विश्वास में लेकर कोई भी कार्य नहीं किया जाता हैं। मनमानी करते रहते हैं जिसकी विंदुवार जांच कराई जाय ।जनपद अध्यक्ष ने मांग की है की दिनाक 14/02/2025 को मुख्यमन्त्री कन्यादान सामूहिक विवाह का भुगतान वेन्डर को मुझे विश्वास में लेकर अभी तक नहीं किया गया यदि भुगतान किया गया है तो मुझे कोई जानकारी नहीं दी जा रही है, जिसकी जांच कराई जाय। जनपद कार्यालय में कार्यालयीन व्यवस्था हेतु 2 नग कम्प्युटर सेट जेम पोर्टल से मगाये गये जो गुणयक्ता बिहीन है जनपद निधि का अनावश्यक दुरूपयोग किया जा रहा है, जिसकी जाँच कराई जाय। जनपद में सीईओ के कार्यकाल में खरीदी एवम भुगतान की गई राशि जांच कराई जाय। सीईओ हरिश्चंद्र द्विवेदी द्वारा मुझे कई बार अपमानित एवं जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते रहते हैं। जब कभी हमारी इनसे आपस में बातचीत होती हैं, तो कहते है, कि तुम्हारे जैसे मैने बहुत अध्यक्ष देखे हैं, मेरा संबंध तुम नहीं जानती हो की कितने ऊचे स्तर तक हैं, तुम मेरा कुछ नहीं उखाड पाओगी तुमको जहा शिकायत करनी हो कर लो इन बातो से मैं मानसिक रूप से प्रताडित हूँ, चुकी मैं हरिजन होने के साथ महिला अध्यक्ष हू , जिसकी जाँच कराई जाय।

**सीईओ पर नियमो के विपरीत कंप्यूटर, कुर्सी खरीदी एवम टेंट का भुगतान-** जनपद पंचायत सिरमौर की अध्यक्ष रवीना साकेत ने सीईओ हरिश्चंद्र द्विवेदी पर भष्टाचार एवम नियमो के विपरीत कंप्यूटर, कुर्सी खरीदी का आरोप लगाया है ।साथ ही अपने चहेते वेंडरों को लाभ पहुंचाया जा रहा है । जनपद अध्यक्ष स्वीना साकेत ने बताया कि सीईओ अपनी पदस्थापना से ही मनमानी पर उतारू हैं। कोई भी विकास निधि हो या फिर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं उनको लागू नहीं होने दे रहे हैं ।पात्र लोगो को उसका वितरण नहीं किया जा रहा है।एकपक्षीय निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय राशि का कहां उपयोग हो रहा है, यह सीईओ नहीं बताते है। जानकारी चाहे जाने पर जनप्रतिनिधियों का अपमान करते है । जनपद पंचायत सिरमौर में व्यापक स्तर पर अनियमितता की गई है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ।

**क्या कहते है अधिकारी-** सामान्य सभा की बैठक में जनपद सदस्यो द्वारा जानकारी चाहे जाने पर सीईओ द्वारा नहीं दी है, हमे कई बार जाति सूचक शब्दो से अपमानित किया गया। सीईओ के विरुद्ध कलेक्टर रीवा से जांच की मांग को लेकर की गई शिकायत की गई है । कार्यवाही न होने से बैठक का बहिष्कार किया गया है ।

**रवीना साकेत**
**अध्यक्ष, जनपद पंचायत सिरमौर**

सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष द्वारा जानबूझकर सदस्यो को विषय से हटकर उकसा कर बैठक स्थगित की गई । अध्यक्ष द्वारा जाति सूचक शब्दो से अपमानित करने का आरोप गलत लगाया गया है ।अन्य जो भी आरोप है सभी की जांच होनी चाहिए।

**हरिश्चंद्र द्विवेदी**
**सीईओ,जनपद पंचायत सिरमौर**

युवा दिवस ▸ विवेकानंद जयंती पर प्रदेश भर में होंगे आयोजन

# सीएम बच्चों के साथ करेंगे सूर्य नमस्कार

**भोपाल, 11 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत 12 जनवरी को प्रदेश की समस्त शालाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा.**

यह आयोजन प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न होगा. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के साथ योग और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास करेंगे. वहीं, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर जिले के राजमार्ग क्षेत्र में स्थित रुकमणि देवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे और विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार करेंगे. राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 9:30 बजे से 10:15 बजे तक आकाशवाणी से प्रसारित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना जाएगा. इसमें राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों का रिकॉर्डेड ऑडियो तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संदेश शामिल रहेगा.

### 12 से शुरू होगा संकल्प से समाधान अभियान

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 जनवरी, युवा दिवस से 31 मार्च 2026 तक प्रदेश में 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाने की घोषणा की है. इसका उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है. अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक ग्राम/ नगरीय वार्ड में समिति गठित कर आवेदन/ शिकायत एकत्रित की जाएँगी और नोडल अधिकारी पोर्टल पर दर्ज करेंगे. दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलेगा, जिसमें क्लस्टर/ जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदन का निराकरण किया जाएगा. तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक विकासखण्ड स्तर पर और चौथा चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर शेष आवेदन और नवीन आवेदन का समाधान किया जाएगा. संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी.

# छापे में 10 करोड़ की 31 किलो एमडी ड्रग्स जब्त

### आगर जिले की तीर्थ नर्सरी की आड़ में चल रहा था ड्रग्स का कारोबार

**नलखेड़ा, 11 जनवरी. नशे के कारोबार ने जिस खतरनाक स्तर को छू लिया है, उसका खुलासा केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई में हुआ.**



आमला क्षेत्र स्थित तीर्थ नर्सरी की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री पर नारकोटिक्स ने दबिश देकर 10 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की करीब 31 किलो 250 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है. यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है. नारकोटिक्स उज्जैन क्षेत्र के अधीक्षक मुकेश खत्री एवं नीमच व जावरा प्रभारी वीएस कुमार ने बताया कि विभाग को मुखबीर से पुख्ता सूचना मिली थी कि आमला क्षेत्र में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप लेने कोई तस्कर पहुंचने वाला है. इसी आधार पर नारकोटिक्स की विशेष टीम ने तडके से ही तीर्थ नर्सरी की चारों ओर से घेराबंदी कर दी. कई घंटों तक इंतजार के बावजूद जब कोई संदिग्ध मौके पर नहीं पहुंचा, तो टीम ने नर्सरी परिसर के भीतर छापा मारने की कार्रवाई की. छापे के दौरान जो सामने आया, उसने अधिकारियों को भी चौंका दिया. नर्सरी परिसर के भीतर एमडी ड्रग्स बनाने की पूरी गुप्त लेब संचालित हो रही थी.

### स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी...

यह मामला इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि जिले में इतने बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा था और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी. करोड़ों रुपए की ड्रग्स फैक्ट्री का नर्सरी की आड़ में संचालन होना, जिले की कानून व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर बड़ा सवाल खड़ा करता है. जानकारों का मानना है कि आगर मालवा जिला अब धीरे-धीरे ड्रग्स तस्करी के नए हब के रूप में उभरता जा रहा है.


**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सतना जिला सतना म.प्र.**
**पीठासीन अधिकारी सुश्री सुनाली वर्मा**

RCSA 258/2025

श्रीमती ऊषा सिंह आयु 64 वर्ष पत्नी श्री अरुण सिंह निवासी ग्राम बिहरा क्र.-1 तह.कोटर जिला सतना म.प्र. ........................**वादिया**

**बनाम**

1. रामवतार कुशवाहा पिता रामकृपाल कुशवाहा पेशा खेती एवं अन्य., 2. शीला देवी पत्नी स्व.छोटेलाल कुशवाहा पेशा घरू कार्य.,3.ममता कुशवाहा पुत्री छोटेलाल कुशवाहा पेशा घरू कार्य.,7.राजकुमार पिता रामकुमार कुशवाहा पेशा खेती, 11.हरीशचन्द्र पिता यज्ञनारायण कुशवाहा पेशा खेती, 12.श्रीमती रामरती पत्नी स्व.रामकुमार कुशवाहा पेशा घरू कार्य सभी निवासी ग्राम कोलगवां (संग्राम कालोनी) सतना तह.रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. ....................**प्रतिवादीगण**

अत: ऐसी स्थिति में प्रतिवादी क्र.2,3,7,11 एवं 12 को समाचार पत्र के माध्यम से आहूत किया जाना उचित प्रतीत होता है. अत: वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन आई ए नंबर 1/25 अंशत: स्वीकार किया जाता है. वादी द्वारा तलवाना अदा किये जाने पर प्रतिवादी क्र.2,3,7,11 एवं 12 के निवासीय स्थान में प्रचलित समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से आहूत किया जावे. प्रतिवादी क्र.1 व 4 के लिये वादी द्वारा पुन: तलवाना अदा किये जाने पर उन्हें तलब किया जावे.

प्रकरण प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु दिनांक 17.02.2026 को पेश हो.

**सोनाली वर्मा**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड, सतना (म.प्र.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र. / पी.डब्लू.डी / 2025-26/20 — बुरहानपुर दिनांक : 08/01/2026

**निविदा सूचना 2025-26**

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है । टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_474088_1 | वार्ड क्र. 01 महाजनापेठ में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 11..39 लाख | 2,000/- 8,600/- | 11/02/2026 |
| 2 | 2026_UAD_474089_1 | वार्ड क्र. 02 नेहरू नगर वार्ड में हकीम अरजानी मस्जिद के पास सी.सी. पेवमेंट निर्माण का कार्य। | 2 माह 4.66 लाख | 2,000/- 4,600/- | 27/01/2026 |
| 3 | 2026_UAD_474090_1 | वार्ड क्र. 03 शिकारपुरा वार्ड में चम्पालाल सुर्यवंशी से मनोहर किराना तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 5.61 लाख | 2,000/- 5,700/- | 27/01/2026 |
| 4 | 2026_UAD_474092_1 | वार्ड क्र. 04 सिलमपुरा वार्ड में श्री किशोर परसाले के घर से सुर्लभ शौचालय तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 9.20 लाख | 2,000/- 9,300/- | 27/01/2026 |
| 5 | 2026_UAD_474093_1 | वार्ड क्र. 08 अम्बेडकर वार्ड में इकबाल मसाले वाले के घर से मस्जिद तक सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 3.10 लाख | 2,000/- 3,200/- | 27/01/2026 |
| 6 | 2026_UAD_474095_1 | वार्ड क्र. 09 शाह बाजार वार्ड में रशीद के घर से वसीम के घर तक एवं बौध्द वाडे के क्षेत्र में सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 5.57 लाख | 2,000/- 5,800/- | 27/01/2026 |
| 7 | 2026_UAD_474097_1 | वार्ड क्र. 09 शाह बाजार वार्ड में रमेश देवरे के घर से आरिफ मास्टर के घर तक एवं खान मस्जिद की गली वाले क्षेत्र में सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 6.60 लाख | 2,000/- 7,700/- | 27/01/2026 |
| 8 | 2026_UAD_474099_1 | वार्ड क्र. 11 शास्त्री वार्ड में मालीवाडा / पानवाली गली में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य । (गौरव अग्रवाल के मकान से लेकर गौरव तपकीर के मकान तक ) | 3 माह 13.38 लाख | 2,000/- 10,000/- | 11/02/2026 |
| 9 | 2026_UAD_474102_1 | वार्ड क्र. 13 खैराती बाजार वार्ड में 02 स्थानों पर सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 3 माह 11.52 लाख | 2,000/- 8,700/- | 11/02/2026 |
| 10 | 2026_UAD_474103_1 | ववार्ड क्र. 13 खैराती बाजार वार्ड में 03 स्थानों पर सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 3 माह 7.60 लाख | 2,000/- 7,700/- | 27/01/2026 |
| 11 | 2026_UAD_474105_1 | वार्ड क्र. 14 बैरी मैदान वार्ड में 02 स्थानों पर सडक निर्माण का कार्य। | 2 माह 9.46 लाख | 2,000/- 9,500/- | 27/01/2026 |
| 12 | 2026_UAD_474106_1 | वार्ड क्र. 15 नागझिरी वार्ड में रईस बीडी वाले के घर से इमरान लकडी वाले के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 2 माह 6.56 लाख | 2,000/- 6,600/- | 27/01/2026 |
| 13 | 2026_UAD_474107_1 | वार्ड क्र. 15 नागझिरी वार्ड में 03 स्थानों पर सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य। | 2 माह 8.43 लाख | 2,000/- 8,500/- | 27/01/2026 |
| 14 | 2026_UAD_474108_1 | वार्ड नं 17 आलमगंज वार्ड में आंगनवाडी क्र 05 के सामने श्री जावेद चौधरी के घर से राजा नाई के घर तक नाली एवं सी.सी रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 6.11 लाख | 2,000/- 6,200/- | 27/01/2026 |
| 15 | 2026_UAD_474109_1 | वार्ड नं 17 आलमगंज वार्ड में बाबा अफजल मस्जिद बैग रोड में पानी की टंकी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण का कार्य । | 2 माह 5.67 लाख | 2,000/- 6,800/ | 27/01/2026 |
| 16 | 2026_UAD_474111_1 | वार्ड क्र 17 आलमगंज में 09 स्थानों पर पाईप डालकर नाली निर्माण का कार्य । | 3 माह 12.74 लाख | 2,000/- 9,600/ | 11/02/2026 |
| 17 | 2026_UAD_474113_1 | वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में पार्षद महोदय के पत्रानुसार 05 स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 10.85 लाख | 2,000/- 8,200/ | 11/02/2026 |
| 18 | 2026_UAD_474114_1 | वार्ड क्र. 21 बुधवारा वार्ड में परकोटा मस्जिद के सामने के मैदान का सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 3.71 लाख | 2,000/- 3,800/ | 27/01/2026 |
| 19 | 2026_UAD_474115_1 | वार्ड क्र. 22 मालीवाडा में जावेद के घर से जाकिर के घर से देवराम महाजन के घर से माता मंदिर होते हुए कुंदन पवार के घर तक एवं मनोहर के घर से महेन्द्र महाजन के घर तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य । | 3 माह 10.51 लाख | 2,000/- 8,000/ | 11/02/2026 |
| 20 | 2026_UAD_474116_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 22 मालीवाडा में गुलशन के घर के पास सामुदायिक भवन एवं जिम उपकरण का का कार्य। | 3 माह 12.71 लाख | 2,000/- 9,600/ | 11/02/2026 |
| 21 | 2026_UAD_474117_1 | वार्ड क्र. 24 चंद्रकला वार्ड में लोहार मंडी गेट से इकरा स्कूल से डॉ सज्जाद के दवाखाने से लोहार मंडी रोड तक सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 8.87 लाख | 2,000/- 8,900/ | 27/01/2026 |
| 22 | 2026_UAD_474118_1 | वार्ड क्र. 24 चंद्रकला वार्ड में हलिम फैजुल्ला मस्जिद से रावटी से बुरहानउद्दीन औलिया से होते हुए बैतुल तालिम सिंधिपुरा रोड तक सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 8.15 लाख | 2,000/- 8,200/ | 27/01/2026 |
| 23 | 2026_UAD_474119_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 01 महाजनापेठ वार्ड में संतोष शिंदे के घर के पास डोम निर्माण का कार्य । | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 24 | 2026_UAD_474120_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 03 शिकरपुरा वार्ड में कमलेश बारी के घर से जीतू मोरे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 4.24 लाख | 2,000/- 4,300/ | 27/01/2026 |
| 25 | 2026_UAD_474122_1 | विशेष निधि वार्ड क्र. 03 शिकारपुरा वार्ड में कश्मीरा टेक्सटाइल्स के पास से पी.एच.ई. ग्राउण्ड तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 4.23 लाख | 2,000/- 4,300/ | 27/01/2026 |
| 26 | 2026_UAD_474123_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 05 प्रतापपुरा वार्ड में भोईवाडा में सभा मंडप का निर्माण कार्य । | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 27 | 2026_UAD_474125_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 05 प्रतापपुरा वार्ड में सुदामा नगर में सभा मंडप निर्माण कार्य । | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 28 | 2026_UAD_474126_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 08 अम्बेडकर वार्ड में हाकम शाह दरगाह से मस्जिद तक रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 16.95 लाख | 2,000/- 13,000/ | 11/02/2026 |
| 29 | 2026_UAD_474127_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 11 शास्त्री वार्ड में मालीवाडा गली में प्राचीन हनुमान मंदिर के पास सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य । | 3 माह 12.71 लाख | 2,000/- 9,600/ | 11/02/2026 |
| 30 | 2026_UAD_474128_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 11 शास्त्री वार्ड में प्राचीन शीतला माता मंदिर के पास सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य । | 3 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 31 | 2026_UAD_474130_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में सचिन नंदे के घर के पास से खेरखानी तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 32 | 2026_UAD_474132_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 19 इतवारा गेट से नागझिरी घाट तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 6 माह 43.39 लाख | 5,000/- 33,000/ | 11/02/2026 |
| 33 | 2026_UAD_474133_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 20 सिधीपुरा पुराने पोस्ट ऑफिस राजू पान वाले के घर तक सडक निर्माण का कार्य । | 2 माह 6.78 लाख | 2,000/- 6,800/ | 27/01/2026 |
| 34 | 2026_UAD_474134_1 | कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत डॉ अम्बेडकर वार्ड क्र. 08 पासी मोहल्ले में परकोट गेट से नदी ओर जाने वाले मार्ग पर सी. सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 11.87 लाख | 2,000/- 9,000/ | 11/02/2026 |
| 35 | 2026_UAD_474135_1 | कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में डोले मिया मस्जिद से सिंगाजी मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 5.93 लाख | 2,000/- 6,000/ | 27/01/2026 |
| 36 | 2026_UAD_474136_1 | कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में दुर्गा सायकल वाले के घर से खैरखानी गेट तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 16.81 लाख | 2,000/- 13,000/ | 11/02/2026 |
| 37 | 2026_UAD_474137_1 | वार्ड क्र. 01 से 12 में विभिन्न स्थानों पर बी.टी. रोड निर्माण कार्य । | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |
| 38 | 2026_UAD_474138_1 | वार्ड क्र. 13 से 24 में विभिन्न स्थानों पर बी. टी. रोड निर्माण कार्य । | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |
| 39 | 2026_UAD_474141_1 | वार्ड क्र. 01 से 12 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |
| 40 | 2026_UAD_474142_1 | वार्ड क्र. 13 से 24 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा ।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर